# कार्यालयः सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल)

पत्रांकः उ0वि0शि0प0 / वि0प0 / रा0सु0रा0आ0आ0वि0 प्र0प0 2026 / 27-34 / 2025–26 दिनांक 17 जनवरी 2026

:: विज्ञप्ति ::

**राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय मक्खनपुर भगवानपुर (हरिद्वार) प्रवेश परीक्षा (कक्षा–06) 2026**

रा0सु0रा0आ0आ0वि0 मक्खनपुर भगवानपुर (हरिद्वार) में सत्र 2026–27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए राज्य के राजकीय एवं मान्यता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा–5 में अध्ययनरत् एवं गृह आधरित शिक्षा प्राप्त कर रहे उत्तराखण्ड राज्य के अनुसूचित जाति (SC) के छात्र / छात्राओं से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र का प्रारुप जनपद के मुख्य शिक्षा अधिकारी कार्यालय, खण्ड / उप शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जिला समाज कल्याण अधिकारी कार्यालय एव प्राचार्य राजकीय सुरेन्द्र राकेश आ0आ0वि0 मक्खनपुर भगवानपुर हरिद्वार से प्राप्त किये जा सकते हैं। आवेदन पत्र, केन्द्र एवं परीक्षा सम्बन्धी विस्तृत निर्देश उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, (नैनीताल) की वेबसाइट www.ubse.uk.gov.in में DEPARTMENTAL EXAM टैब पर उपलब्ध है, जिसे डाउनलोड करके भी आवेदन किया जा सकता है। अभ्यर्थी की आयु 31 मार्च 2026 को 10 वर्ष से 13 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। अर्थात उसका जन्म 31 मार्च 2013 से 01 अप्रैल 2016 के मध्य हुआ हो (उक्त दोनों तिथियां सम्मिलित हैं) दिव्यांग अभ्यर्थियों हेतु अधिकतम आयु सीमा में दो वर्ष की छूट प्रदान की जायेंगी। छात्र / छात्राओं द्वारा पूर्ण रुप से पूरित आवेदन पत्र दिनांक 10 फरवरी 2026, सायंकाल 5:00 बजे तक **"सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् विभागीय परीक्षा अनुभाग, रामनगर, (नैनीताल) पिन–244715"** के पते पर पंजीकृत डाक से अवश्य पहुँच जानी चाहिए। लिफाफे के बाहर "**राजकीय सुरेन्द्र राकेश आदर्श आवासीय विद्यालय मक्खनपुर भगवानपुर (हरिद्वार) प्रवेश परीक्षा** 2026 हेतु आवेदन पत्र" अवश्य लिखा होना चाहिए। प्रवेश परीक्षा माह अप्रैल 2026 द्वितीय सप्ताह में कराई जानी प्रस्तावित है।

17/01/2026

(वी0पी0सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्
रामनगर (नैनीताल)